Bareilly, Monday,
26 August 2024
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

HAPPY JANMASHTAMI

वेटरन में बरेली की महिलाओं का दबदबा

जागरण संवाददाता बरेली : 11वीं श्रीराममूर्ति स्मारक एवं सेकेंड यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में रविवार को चौथे दिन मास्टर्स के मुकाबले खेले गए। युवाओं से ज्यादा वेटरन ने जोश दिखाया। बरेली की महिला वेटरन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत के साथ दबदबा बनाया, जबकि वेटरन पुरुष वर्ग में लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, आगरा और सुल्तानपुर के खिलाड़ियों का जलवा रहा। प्रतियोगिता के वेटरन वर्ग में में 39-74 आयु वर्ग में कुल आठ मुकाबले खेले गए।

टेबल टेनिस टूर्नामेंट • सौ. आयोजक

प्रतियोगिता में महिला वेटरन वर्ग 39 और 49 वर्ग दो श्रेणी में मुकाबले खेले गए। 39 वर्ग की श्रेणी में बरेली की पल्लवी सिंगला ने शहर की ही मृदुला पास्टर को हराया। 49 वर्ग में बरेली की डा. अनीता नाथ ने बरेली की शालिनी गोयल को शिकस्त दी। पुरुष वर्ग में पहला मुकाबला 39 श्रेणी में सौरभ पोद्दार आगरा और अनिल जैन मुरादाबाद के बीच हुआ। सौरभ ने मुकाबला करीबी अंतर से जीता। पुरुष 49 कैटेगिरी में सुल्तानपुर के अभिषेक मनी ने गाजियाबाद के अनिल जाजो को हराया, जबकि 59 में प्रयागराज के दीपक ने प्रयागराज के ही सरोज पांडेय को मात दी। पुरुष 64 श्रेणी में लखनऊ के एचएस नेगी और लखनऊ के आरके टंडन को हराया। पुरुष 69 श्रेणी में गौतमबुद्ध नगर से मेजर जनरल आरएन मसालदान ने जिले के सुरेंद्र कुमार को परास्त किया। 74 श्रेणी में पुरुष वर्ग लखनऊ के एमएन खरे ने आगरा के कर्नल शिव कुंजरू को हराकर मुकाबला अपने नाम किया।

गाजियाबाद के अर्चित जैन बने टूर्नामेंट आफ द प्लेयर : अपने शानदार टाप स्पिंज के सहारे प्रतिद्वंद्वियों को धूल चटाने वाले गाजियाबाद के अर्चित जैन टूर्नामेंट आफ द प्लेयर बने। उन्होंने जूनियर में जीत दर्ज करने के साथ अंडर-19 पुरुष में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया, लेकिन सबसे बड़ी उपलब्धि अर्चित ने द्वितीय वरीयता प्राप्त गौतमबुद्ध नगर के श्रीधर जोशी को शिकस्त देकर प्राप्त की।